ब्राह्मण गोत्रावली

ब्राह्मण गोत्रावली

लेखक
इन्द्रमणि पाठक
पटखौली दक्षिण मनियर
बलिया
उ० प्र०

धार्मिक, ज्योतिष, तन्त्र-मन्त्र, टेक्निकल व इण्डस्ट्रियल पुस्तकों के प्रकाशक

डी.पी.बी. पब्लिकेशन्स

110 चौक बड़शाहबुल्ला, चावड़ी बाजार, पो. बॉ. 2037, दिल्ली-6
फोन : (ऑफिस) 23251630, (दुकान) 23273220, (निवास) 23847320, (मो.) 9811648916

प्रकाशक :
डी०पी०बी० पब्लिकेशन्स .
110, चांवड़ी बाजार,
चौक बड़शाहबुल्ला (दिल्ली)
दिल्ली-110006
फोन : 23273220, 23251630
9811648916-17

मूल्य : Rs. 120/-
(एक सौ बीस रुपये मात्र)

ब्राह्मण के विषय में स्मृतिकारों के विचार

ब्राह्मणस्यतुदेहोऽयं नोपभोगाय कल्पते।

ब्राह्मण का शरीर भोग-विलास के लिए नहीं है।

वशिष्ठ स्मृति

एतद्देश प्रसूतस्य सकाशादग्र जन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥

इस देश में उत्पन्न ब्राह्मणों से पृथ्वी के सारे मनुष्य अपने-अपने आचरण की शिक्षा प्राप्त करें।

मनुस्मृति

येषां सदा वै श्रुतिपूर्ण कर्णाः।
जितेन्द्रियाः प्राणिवधे निवृताः॥
प्रतिग्रहे संकुचिता गृहस्था-
-स्ते ब्राह्मणा स्तारयितुं समर्थाः॥

भगवान् कृष्ण युधिष्ठिर से कहते हैं कि हे राजा इन्द्रियजीत! अहिंसक तथा विद्वान् ब्राह्मण गृहस्थ होते हुए भी दूसरों को तारने में समर्थ होते हैं।

ब्राह्मण की पहचान

ब्राह्मण सो जो ब्रह्म पिछाने, बाहर जाता भीतर आनै।
पांचों बस करि झूठ न भाखै, आतम विद्या पढ़े पढ़ावे॥
परमातम में ध्यान लगावै, काम, क्रोध, मद, लोभ न होई
चरणदास कहै बाभन सोई॥

(2)

ब्राह्मणः साधवो शान्ता निस्संगा भूत वत्सलाः।
एकान्ताः भक्ता अस्मासु निरवैरः समदर्शिनः॥

भगवान् शिव मार्कण्डेयजी से कहते हैं कि ब्राह्मण स्वभाव से ही शान्तचित्त, परोपकारी और अनाशक्त होते हैं। वे समदर्शी होते हैं, दुखी व्यक्तियों को सुखी बनाने के लिए सतत्, प्रयत्नशील रहते हैं तथा हमारे अनन्य भक्त होते हैं।

ब्राह्मण के 15 लक्षण

विभिन्न शास्त्रों में ब्राह्मण के 15 लक्षण उल्लिखित हैं—

1. मन से पाप (बुरे कर्मों) का चिन्तन न करना।
2. इन्द्रियों को बुरे आचरण से दूर रखना।
3. जितेन्द्रिय रहकर धर्मानुष्ठान करना।
4. सुख, दुःख, निन्दा, स्तुति आदि द्वन्द्वों से तटस्थ रहना।

5. कोमल स्वभाव
6. निरभिमानता
7. सरलता
8. ईश्वर बोध
9. धर्म बोध
10. विद्या
11. पुनर्जन्म का सिद्धान्त मानना
12. तप
13. अपने से बड़ों का सम्मान तथा अपने से छोटे के प्रति प्यार
14. सेवा धर्म में तत्पर रहना
15. समता (सभी मनुष्यों को अपने जैसा समझना)

प्रस्तावना

हमारे देश के पढ़े-लिखे ब्राह्मण युवकों को भी अपने गोत्र, वेद, उपवेद, शाखा-सूत्र आदि की पूरी जानकारी नहीं है।

कुछ अति प्रगतिशील ब्राह्मण युवक तो नहीं, किन्तु अधिकांश ब्राह्मण युवकों में यह जिज्ञासा है कि गोत्र, प्रवर, शाखा, सूत्र क्या हैं ? इसकी परम्परा क्यों और कैसे पड़ी ? हमारे पूर्वज पहले कहां रहते थे ? या हम किस स्थान के मूलवासी हैं ? इत्यादि बातें जानने की कभी-कभी इच्छा उत्पन्न हो जाती है। उन जिज्ञासु ब्राह्मण युवकों की जिज्ञासा को तृप्त करने के लिए डी०पी०बी० पब्लिकेशन्स के प्रकाशक श्री अमित अग्रवालजी ने, "**ब्राह्मण गोत्रावली**" नाम से एक छोटी पुस्तक सरल एवं बोधगम्य भाषा में लिखने के लिए निवेदन किया।

पुराणकर्ताओं ने भारतवर्षीय ब्राह्मणों को विंध्योत्तरवासी और विंध्व दक्षिणवासी कहकर दो भागों में विभाजित कर दिया और उनका नाम गौड़ तथा द्रविड़ रखा। विंध्योत्तरवासी गौड़ और विंध्य दक्षिणवासी द्रविण। विभिन्न क्षेत्र विशेष में रहने के कारण दोनों के 5-5 भाग हो गये, जैसे—**गौड़ ब्राह्मणों में**—सरस्वती नदी के आसपास रहने वाले ब्राह्मण सारस्वत:, कन्नौज के आसपास के क्षेत्र में रहने वालों को कान्यकुब्ज, मिथिला में रहने वालों को मैथिल, अयोध्या के उत्तर सरयू नदी से पार रहने वाले सरयू पारीण, उड़ीसा में रहने वाले उत्कल तथा शेष भाग में रहने वाले गौड़ कहलाये।

इसी प्रकार द्रविण ब्राह्मणों को क्षेत्रीय आधार पर 5 भागों में विभक्त किया गया है, जैसे—कर्नाटक में रहने वाले कर्नाटक ब्राह्मण, आंध्रा में रहने वाले 'तैलंग ब्राह्मण', महाराष्ट्र में मराठी, गुजरात में रहने वाले गुर्जर ब्राह्मण तथा शेष भाग में रहने वाले द्रविण कहलाते हैं।

इस लघु पुस्तिका में केवल विंध्योत्तर वासी ब्राह्मणों, जैसे—गौड़, सारस्वत, मैथिल, कान्यकुब्ज, सरयू पारीण तथा उत्कल ब्राह्मणों के गोत्र, प्रवर, शाखा, सूत्र, शिखा, छन्द, उपवेद, आस्पद (उपाधियां) तथा मूल गांवों का संक्षेप में वर्णन किया गया है।

आशा है, जिज्ञासु ब्राह्मण युवकों की जिज्ञासा कुछ हद तक शान्त होगी, किन्तु ब्राह्मणों का ऋषि गोत्र एक सागर के समान है। उसमें से कुछ मोती ही चुनकर इस पुस्तक में रखने का प्रयास किया गया है।

कृपालु पाठकों से निवेदन है कि यदि किसी कुल के गोत्र प्रवर आदि के निर्णय में विसंगतियां दिखायी दें, जो उनकी परम्पराओं के विरुद्ध हों, तो कृपया हमें सूचित करें, जिससे अगले संस्करण में सुधार किया जा सके।

भवनिष्ठ
इन्द्रमणि पाठक
ग्रा० पटखौली दक्षिण
मनियर—बलिया
उ० प्र०

अनुक्रम

◆◆

ॐ मंगल मूर्त्तये नमः

मूकं करोति वाचालं पंगुं लंधयते गिरिम्।
यच्च कृपा तमऽहं वन्दे परमानन्द माधवम्॥

मनुस्मृति में मानव के लक्षण दिये हैं।

धृति क्षमा दमोस्तेयं शौचं इन्द्रिय निग्रहः।
धी विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्म लक्षणम्॥

जिस व्यक्ति में धैर्य, क्षमा, इन्द्रियों का निग्रह करने की क्षमता, चोरी न करने की प्रेरणा, पवित्रता, काम, क्रोधादि षडरिपुओं का दमन करने की शक्ति, विद्या, सत्य भाषण और अक्रोध (क्रोध पर नियन्त्रण हो) वह मनुष्य है; और इन लक्षणों से युक्त मनुष्य जिस व्यक्ति को अपना गुरु मान ले, वह 'ब्राह्मण' है।

ब्राह्मण कर्म से होता है या जन्म से

प्राचीनकाल से यह विवादास्पद रहा है कि ब्राह्मण जन्म से होता है या कर्म से। जो लोग ब्राह्मण को कर्म से होना मानते हैं, उनके पक्ष में पुराणों का प्रबल प्रमाण है, जैसे–

तपस्या से ब्रह्मर्षि होने वाले ऋषियों की सूची

1. श्रृंगी ऋषि हिरनी के गर्भ से पैदा हुए थे।
2. कौशीक ऋषि कुश के गुच्छे से।
3. महर्षि वशिष्ठ वेश्या से।
4. गौतम ऋषि शशकी से।
5. वेदव्यासजी कुंवारी कन्या से।
6. पाराशरजी चाण्डाली से।
7. विश्वामित्र क्षत्राणी से।
8. नारदजी दासी से।
9. मातंग ऋषि हथिनी से पैदा हुए थे।

(ब्राह्मणोत्पत्ति मार्त्तण्ड)

ये ऋषिगण ब्राह्मण और ब्राह्मणी के रज वीर्य से नहीं पैदा हुए थे, किन्तु अपनी तपस्या से लोक में ब्रह्मर्षि कहलाये।

किन्तु विद्वानों का एक प्रबल पक्ष ऐसा भी है, जो ब्राह्मण होने के लिए ब्राह्मण कुल में जन्म को अनिवार्य मानता है। हमारे देश के ब्राह्मण परिवार और पूरा देश भी इस द्वितीय पक्ष को ही मान्यता देता है, जबकि उपरोक्त अधिकांश ऋषियों के गोत्र आज भी प्रचलित हैं, जिनकी कुलीनता पर किसी

की अंगुली नहीं उठ सकती। इन ऋषियों को भी जन्मना ब्राह्मण होना ही समाज ने मान लिया है। हमारा लक्ष्य भी निरर्थक उपरोक्त विवाद में जाने का नहीं है। वर्तमान में जो गोत्र, प्रवर, वेद, शाखा, सूत्र आदि प्रचलित हैं, उसे ही आम ब्राह्मण समुदाय की सेवा में प्रस्तुत करना है।

ब्राह्मण समाज का हर व्यक्ति किसी-न-किसी गोत्र से सम्बन्धित है। तो आइये, इन गोत्र, शाखा, सूत्र आदि पर विचार करें।

गोत्र

किसी वंश के मूल व्यक्ति की वंश परम्परा जहां से प्रारम्भ होती है, उस वंश का गोत्र उसी के नाम से प्रचलित हो जाता है। सारा ब्राह्मण समाज किसी-न-किसी ऋषि की ही औलाद है। इस प्रकार जो समाज जिस ऋषि से प्रारम्भ हुआ है, वह ऋषि उस समाज का गोत्र कहलाता है।

जैसे महर्षि वशिष्ठ से जो वंश परम्परा चली, वे अपना गोत्र वशिष्ठ बतलाते हैं।

(2)

गोत्र का एक दूसरा भी अर्थ होता है—गो कहते हैं गाय को; 'त्र' कहते हैं, रक्षा करने को। पहले ऋषियों के आश्रमों में गायें होती थीं। उनकी रक्षा का पूरा भार उस आश्रम में रहने वाले विद्यार्थियों पर होता था। वे विद्यार्थी जहां कहीं जाते थे, वहां अपने को अपने गुरु या उस आश्रम के प्रमुख ऋषि के गोत्र का बतलाते थे। बाद में उनके वंशधरों में अपने को उसी गोत्र का बताने की परम्परा पड़ गयी।

यह विचारधारा संस्कृत के प्रख्यात विदेशी विद्वान् **मैक्समूलर** की है।

गोत्रों की उत्पत्ति सर्वप्रथम ब्राह्मण वर्ग में हुई। जब इस वर्ग का विस्तार हुआ, तो अपनी पहचान बनाने के लिए उन्होंने अपने आदि पुरुष के नाम पर गोत्र धारण कर लिये।

डॉ० पुरुषोत्तम लाल भार्गव का मत है कि आज के ब्राह्मणों का गोत्र वैदिककाल के सप्तर्षियों के वंशों या मूल गोत्रों से सम्बन्धित है। ये वंश थे—

आंगिरस, भार्गव, आत्रेय, काश्यप, वशिष्ठ, अगस्त्य तथा कौशिक।

इन गोत्रों के मूल ऋषि हैं—

अंगिरा, भृगु, अत्रि, कश्यप, वशिष्ठ, आगस्त्य और कुशिक।

प्रवर

गोत्रों का प्रवर से घनिष्ठ सम्बन्ध है। इसलिए गोत्रों का प्रचलन होने के साथ-ही-साथ उनका प्रवर सम्बन्ध जोड़ दिया गया।

प्रवर का अर्थ होता है—"श्रेष्ठ"। प्रवर उन ऋषियों को कहते हैं, जो गोत्रकारों के पूर्वज और महान् थे।

गोत्र और प्रवर का अन्तर बताते हुए श्री पाण्डुरंग वामन शास्त्री कहते हैं कि गोत्र उन आर्वाचीन ऋषियों के नाम से हैं, जो परम्परा द्वारा किसी व्यक्ति या वंश के पूर्वज माने जाते हैं।

किन्तु डॉ० राजबली पाण्डेय का कथन है कि "प्रवर शब्द उतना पुराना नहीं है, जितना गोत्र।" यह कथन पुराणों और स्मृतियों से भी सिद्ध होता है, जैसे—असित देवल आदि कश्यप ऋषि के वंशज भी हैं और कश्यप गोत्र के प्रवर भी हैं।

इस प्रकार गोत्र प्रवर्तक मूल ऋषि के बाद में होने वाले व्यक्तियों में जो महान् हो गये, वे उस गोत्र के 'प्रवर' कहे जाते हैं।

गण

जिन ऋषि परिवारों को विवाह के सन्दर्भ में एक इकाई मान लिया गया है, जिसमें वे विवाह नहीं कर सकते, वे सब एक गण माने जाते हैं। एक गण का व्यक्ति दूसरे गण में ही विवाह करेगा।

पक्ष

गण का ही विकसित रूप पक्ष है। इसके विस्तार से शाखाएं निर्मित होती हैं।

वेद

वेद अपौरुषेय है। ईश्वर की कृपा से ऋषियों के अन्तःकरण में इसकी रचनाएं प्रकट हुई थीं। इनकी संख्या चार है। हर व्यक्ति के लिए चारों वेदों—ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद—का सांगोपांग अध्ययन करना कठिन हो गया, तो गोत्र विशेष के ऋषियों ने किसी एक वेद के अध्ययन की परम्परा डाली; क्योंकि उस समय लेखन कला का आविष्कार नहीं हुआ था। इसलिए 'वेद' मन्त्रों को सुनकर ही पढ़ा या याद रखा जा सकता था।

उपवेद

प्रत्येक वेद का एक-एक उपवेद भी होता है। ये उपवेद व्यवहारिक हैं। इनसे मानव की सेवा करने का अवसर मिलता है। ऋग्वेद का उपवेद आयुर्वेद, यजुर्वेद का उपवेद धनुर्वेद, सामवेद का उपवेद गान्धर्व वेद और अथर्ववेद का उपवेद स्थापत्य वेद है।

ये उपवेद जीविकोपार्जन में सहायक होते हैं।

शाखा

जब किसी एक गोत्र का व्यक्ति उस गोत्र के लिए निर्धारित 'वेद' का पूर्णरूपेण अध्ययन करने में असमर्थ होने लगा, तो ऋषियों ने वैदिक परम्परा को जीवित रखने के लिए शाखाओं का निर्माण किया। इस प्रकार प्रत्येक गोत्र के लिए अपने वेद की किसी शाखा विशेष का अध्ययन अनिवार्य कर दिया गया।

सूत्र

सूत्र शाखाओं से भी सूक्ष्म होते हैं। जब गोत्रानुयायियों के लिए शाखाएं भी भारी पड़ने लगीं, तो परवर्ती ऋषियों ने उन शाखाओं के भाव को सूत्र रूप में परिणित कर दिया। इस प्रकार प्रत्येक गोत्रावलम्बी को अपने सूत्र की जानकारी परमावश्यक है।

शिखा

अपनी पहचान बनाये रखने के लिए शिखा (चोटी) बायें और दायें से घुमाकर बांधने की परम्परा डाली गयी। किसी के गोत्र में दाहिने से गांठ लगाई जाती है और किसी में बायें से।

पाद

यह भी अपनी परम्परा की पहचान बनाये रखने वाली एक विधि है। किसी गोत्र वाले पहले दाहिना पांव धोते हैं, तो किसी गोत्र की परम्परा है, बायां पांव धोने की।

देवता

प्रत्येक वेद या शाखा का पठन-पाठन करने वाले किसी खास देवता की आराधना करते हैं। वही उनका कुल देवता है।

छन्द

जिस गोत्र के लिए जो वेद पढ़ना अनिवार्य है, वह वेद जिस छन्द में गाया जाता है, वही उस गोत्र का छन्द होता है।

मूल स्थान

गोत्रकारों ने जिस मूल स्थान पर रहकर अपना वंश चलाया, वह उनका आदि स्थान या शासन कहलाता है।

दिशा या द्वार

यज्ञ मण्डप में अध्वर्यु जिस दिशा से प्रवेश करता है या जिस दिशा में बैठता है, वही उस गोत्र वाले की दिशा या द्वार होता है।

आस्पद

जिन नामों या स्थान के नाम से जिन वंशों की प्रसिद्धि होती है, उसे आस्पद कहा जाता है; जैसे—मामखोर के शुक्ल आदि।

❑❑

ब्राह्मण और उनके भेद

शास्त्रों के अनुसार ब्रह्माजी ने एक मनुष्य की रचना की। उसको अपने मुख से उन्होंने 'ब्राह्मण' कहा। तब से यह मान लिया गया कि ब्राह्मण, ब्रह्मा के मुख से उत्पन्न हुआ है।

उक्त ब्रह्मर्षि के दो पुत्र हुए। एक का नाम 'गौड़' और दूसरे का नाम 'द्रविण' रखा गया। गौड़ को विंध्य पर्वत के उत्तर का भू-भाग और द्रविड़ को विंध्याचल के दक्षिण का भू-भाग दिया गया। बाद में द्रविड़ के भी पांच पुत्र हुए और गौड़ के भी पांच पुत्र हुए। इस प्रकार इनकी संख्या दस हो गयी।

द्रविड़ के पुत्रों के नाम तैलंग, महाराष्ट्र, गुर्जर, द्राविड़ और कर्नाटिका रखे गये।

गौड़ के पुत्रों के नाम—सारस्वत, कान्यकुब्ज, गौड़, मैथिल और उत्कल रखे गये। आगे चलकर इनकी संख्या चौरासी हुई। इस समय एक सौ पन्द्रह है। यह संख्या इनके कुलों की है।

देवगुरु बृहस्पति विंध्योत्तर भाग में और दैत्य गुरु शुक्राचार्य विंध्य दक्षिण भाग, यानी द्रविड़ क्षेत्र में रहने लगे।

उत्तर भारतीय ब्राह्मणों की विभिन्न उपाधियां

गुजरात में सरस्वती नदी के तट पर एक पाटल नामक नगर था। उसके राजा का नाम 'मूल' था। अपने राज्य के सिद्धिपुर क्षेत्र में उन्होंने एक यज्ञ का आयोजन किया। उनके गुरु ने उत्तर भारतीय विद्वान् ब्राह्मणों को देवता तुल्य बताकर उन्हें यज्ञ में आमन्त्रित करने की सलाह दी।

विंध्योत्तर भाग के ब्राह्मण आमन्त्रित हुए। वे अपने शिष्यों के साथ चल दिये, जिनकी संख्या निम्नलिखित थी—

क्षेत्र	ब्राह्मणों की संख्या
प्रयाग क्षेत्र के च्यवन ऋषि आश्रम से	105
सरयू नदी किनारे से	100
कान्यकुब्ज देश से	200
काशी से	100
कुरुक्षेत्र से	179
तिरहुत से	132
नैमिसारण्य से	200
अन्य क्षेत्र से	78
योग	1096

इस प्रकार यज्ञ में कुल एक हज़ार छियानवे ब्राह्मण पहुंचे।

राजा ने इनका बड़ा सम्मान किया और धन, रत्न, गाय, हाथी, घोड़े आदि देने चाहे, किन्तु ब्राह्मणों ने कहा, ''राजन्! हम तुम्हारे यज्ञ में शामिल होने के लिए तो आये ही थे, किन्तु हमारा मुख्य उद्देश्य सिद्धिपुर तीर्थ देखने का था। हमें हाथी व घोड़े से कोई प्रयोजन नहीं है। तुम इनसे प्रजा का पालन करो।'' राजा बहुत प्रसन्न हुआ और वस्त्रादि से उनका सम्मान कर, उन्हें निम्नलिखित उपाधियां प्रदान कीं।

कर्म के अनुसार ब्राह्मणों की उपाधियां

कार्य क्षेत्र	उपाधियां
जो अध्यापन का कार्य करते थे	उपाध्याय
जो ज्योतिष का कार्य करते थे	जोशी
जो यज्ञ कराते थे	याज्ञिक
शासन में भागीदारी रखने वाले को	ठाकुर
तीनों वेदों का अध्ययन करने वाले को	त्रिवेदी
तीनों समय वेद पढ़ने वाले को	त्रिपाठी
दीक्षा देने वाले को	दीक्षित
शास्त्र पढ़ाने वाले को	पाण्डेय
सरकारी काम करने वाले को	महन्त
उपजीविका करने वाले को	शुक्ल
दो वेदों का पाठ करने वाले को	द्विवेदी
चारों वेदों का पाठ करने वाले को	चतुर्वेदी
हवन करने वाले को	अग्निहोत्री
कई विषयों के ज्ञाता को	मिश्र
स्वाध्यायी को	पाठक

□□

गौड़ ब्राह्मणों के क्षेत्र

गौड़ ब्राह्मण

गौड़ ब्राह्मण जिस भूखण्ड में रहते हैं, उसको गौड़ देश कहा जाता है। उसमें निम्नलिखित आते हैं–

1–दिल्ली, 2–सोनीपत, 3–करनाल, 4–कुरुक्षेत्र, 5–कैथल, 6–यमुनातट के क्षेत्र, 7–हस्तिनापुर, 8–मारवाड़, 9–झूनझूनू, 10–पुष्कर, 11–शेखावटी, 12–फतेहपुर, 13–मत्स्य, 14–विराट, 15–भिवानी आदि।

उपरोक्त स्थानों में गौड़ ब्राह्मणों के निवास के सन्दर्भ में ब्राह्मणोत्पत्ति मार्तण्ड में एक कथा लिखी हुई है–

हस्तिनापुर में महाराजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय राज्य करते थे। उन्होंने एक महायज्ञ किया। उसमें 1444 ऋषि-मुनि अपने शिष्यों के साथ सम्मिलित हुए थे।

अवभृथ स्नान के बाद राजा जनमेजय महर्षि वटेश्वर को बुलाकर दक्षिणा देने लगे। महर्षि ने राजा का प्रतिग्रह स्वीकार नहीं किया और उन्हें आशीर्वाद देकर जाने लगे। तब राजा ने पान के बीड़े में एक-एक ग्राम का दान पत्र लिखकर महर्षि के शिष्यों को दे दिया। शिष्यगण ने प्रसन्न होकर बीड़ा स्वीकार कर लिया। उन ऋषि-मुनियों को पानी पर स्थल-जैसे खड़ाऊं पहनकर चलने की सिद्धि थी।

उन लोगों ने जब नदी पार करने के लिए नदी में प्रवेश किया, तो उनके पांव डूबने लगे। तब उन्होंने विचार किया कि हमारी सिद्धि नष्ट कैसे हो गयी ? वे अपने-अपने पान के बीड़े खोलकर देखने लगे, तो उसमें ग्राम दान का पत्र मिला। उन्हें लगा राजा का प्रतिग्रह लेने से सिद्धि नष्ट हो गयी। वे लौटकर राजा के पास आये और कहा, "तुमने ऐसा क्यों किया ?"

राजा ने बहुत अनुनय-विनय करके अत्यन्त नम्रतापूर्वक कहा, "बिना दक्षिणा दिये यज्ञ सफल भी तो नहीं होता है, इसीलिए मैंने ऐसा किया।" ऐसा कहकर सभी ब्राह्मणों को अपने यहां गौड़ देश में रख लिया। तब से ये ब्राह्मण आदि-गौड़ कहलाये।

इनमें भोजन आचार की कमी है। ये बाजार तक का पक्का भोजन खा लेते हैं। छुआछूत का दोष कम मानते हैं। इनमें अधिकांश लोग शुक्ल यजुर्वेदी और माध्यन्दिन शाखा के हैं। सामवेदी भी हैं।

गौड़ ब्राह्मणों के भेद

इस क्षेत्र में रहने वाले गौड़ ब्राह्मणों के दो भेद हैं–

1. देशवाली 2. पछादे

इनमें परस्पर विवाह सम्बन्ध नहीं होते। देशवासियों में मिश्र, तिवारी, पूठिया, चौमोहरिया, गौतम और दूबे आदि होते हैं।

आदि-गौड़ की शाखाएं

आदि-गौड़ ब्राह्मण वंश की 15 शाखाएं हैं।

1. **माण्डव्य**—ये माण्डव्य ऋषि के कुलोत्पन्न हैं। कहीं-कहीं इन्हें मालव्य भी कहते हैं।

2. **लम्भित**—ये भी माण्डव्य गोत्रीय ही हैं, किन्तु लम्भित नगर में बसने के कारण इन्हें लम्भित कहते हैं।

3. **माथुर**—मथुरा में रहने वाले गौड़ माथुर कहलाते हैं।

4. **सूर्यध्वज**—सौरभेश्वर के पास सूर्य ऋषि का आश्रम था, उनके वंशजों को सूर्यध्वज कहते हैं।

5. **भट्टकेश्वर**—भट्ट ऋषि के वंशधर भट्टकेश्वर कहलाते हैं।

6. **सुखसैन**—हंस ऋषि के वंशधर सुखसैन कहलाते हैं।

7. **दालभ्य**—दालभ्य ऋषि के वंशधर दालभ्य कहलाते हैं।

8. **सौरभ**—ये सौरभ क्षेत्र में रहने से सौरभ गौड़ कहलाते हैं।

9. **वशिष्ठ**—वशिष्ठ गोत्रीय वशिष्ठ कहलाते हैं।

10. **नैगम**—ये चित्रगुप्त के वंशज हैं। इस वंश में निगम नाम के प्रसिद्ध महात्मा हुए। इनके वंशज अपने को नैगम कहते हैं।

11. **गौतम**—गौतम ऋषि के वंशज अपने को गौतम कहते हैं।

12. **हर्ष**—सरयू के तट पर रहने वाले कुछ ब्राह्मण अपने को हर्ष गोत्रीय बताते हैं।

13. **गंगापुत्र**—हर्ष गोत्रीय कुछ ब्राह्मण गंगातट वासी हो गये, ये अपने को गंगापुत्र कहने लगे।

14. **हरियाणा गौड़**—हारित ऋषि का आश्रम हरियाणा में था, उनके वंशज अपने को हरियाणा गौड़ कहते हैं।

15. **वाल्मीकि गौड़**—आबूगढ़ के पास वाल्मीकिजी का आश्रम है। उनके मतानुयायी अपने को वाल्मीकि गौड़ कहते हैं।

□□

गौड़ ब्राह्मणों के गोत्र-उपगोत्र

सम्पूर्ण गौड़ ब्राह्मण वंश के केवल 24 ऋषि गोत्र हैं। इन ऋषियों के वंश में महत्त्वपूर्ण ऋषि हुए, उनके नाम से भी गोत्र चल पड़े। उक्त ऋषि सन्तानों की संख्या, जिनके नाम से गोत्र प्रचलित हैं, 115 हैं।

ऋषि नामावली

क्र०सं०	ऋषिनाम
1.	अत्रि गोत्र
2.	भृगु गोत्र
3.	आंगिरस गोत्र
4.	मुद्गल गोत्र
5.	पातंजलि गोत्र
6.	कौशिक गोत्र
7.	मरीच गोत्र
8.	च्यवन गोत्र
9.	पुलह गोत्र
10.	आष्टिषेण गोत्र
11.	उत्पत्ति शाखा
12.	गौतम गोत्र
13.	वशिष्ठ और सन्तान
	(क) पर वशिष्ठ गोत्र
	(ख) अपर वशिष्ठ गोत्र
	(ग) उत्तर वशिष्ठ गोत्र
	(घ) पूर्व वशिष्ठ गोत्र
	(ङ) दिवा वशिष्ठ गोत्र
14.	वात्स्यायन गोत्र
15.	बुधायन गोत्र
16.	माध्यन्दिनी गोत्र
17.	अज गोत्र
18.	वामदेव गोत्र

क्र०सं०	ऋषिनाम
19.	शांकृत्य गोत्र
20.	आप्लवान गोत्र
21.	सौकालीन गोत्र
22.	सोपायन गोत्र
23.	गर्ग गोत्र
24.	सोपर्णि गोत्र
25.	शाखा
26.	मैत्रेय गोत्र
27.	पराशर गोत्र
28.	अंगिरा गोत्र
29.	क्रतु गोत्र
30.	अधमर्षण गोत्र
31.	बुधायन गोत्र
32.	आष्टायन कौशिक गोत्र
33.	अग्निवेष भारद्वाज
34.	कौडिन्य
35.	मित्रवरुण गोत्र
36.	कपिल गोत्र
37.	शक्ति गोत्र
38.	पौलस्त्य गोत्र
39.	दक्ष गोत्र
40.	सांख्यायन कौशिक गोत्र
41.	जमदग्नि गोत्र

क्र०सं०	ऋषिनाम
42.	कृष्णात्रेय गोत्र
43.	भार्गव गोत्र
44.	हारीत गोत्र
45.	धनंजय गोत्र
46.	पाराशर गोत्र
47.	आत्रेय गोत्र
48.	पुलस्त्य गोत्र
49.	भारद्वाज गोत्र
50.	कुत्स गोत्र
51.	शांडिल्य गोत्र
52.	भरद्वाज गोत्र
53.	कौत्स गोत्र
54.	कर्दम गोत्र
55.	पाणिनि गोत्र
56.	वत्स गोत्र
57.	विश्वामित्र गोत्र
58.	अगस्त्य गोत्र
59.	कुश गोत्र
60.	जमदग्नि कौशिक गोत्र
61.	कुशिक गोत्र
62.	देवराज गोत्र
63.	धृत कौशिक गोत्र
64.	किंण्डव गोत्र
65.	कर्ण गोत्र
66.	जातुकर्ण्य
67.	काश्यप गोत्र
68.	गोभिल गोत्र
69.	कश्यप गोत्र
70.	सुनक गोत्र
71.	शाखाएं
72.	कल्पिष गोत्र
73.	मनु गोत्र

क्र०सं०	ऋषिनाम
74.	माण्डव्य गोत्र
75.	अम्बरीष गोत्र
76.	उपलभ्य गोत्र
77.	व्याघ्रपाद गोत्र
78.	जावाल गोत्र
79.	धौम्य गोत्र
80.	यागवल्क्य गोत्र
81.	और्व गोत्र
82.	दृढ़ गोत्र
83.	उद्वाह गोत्र
84.	रोहित गोत्र
85.	सुपर्ण गोत्र
86.	गालिब गोत्र
87.	वशिष्ठ गोत्र
88.	मार्कण्डेय गोत्र
89.	अनावृक गोत्र
90.	आपस्तम्ब गोत्र
91.	उत्पत्ति शाखा
92.	यास्क गोत्र
93.	वीतहव्य गोत्र
94.	वासुकि गोत्र
95.	दालभ्य गोत्र
96.	आयास्य गोत्र
97.	लौंगाक्षि गोत्र
98.	चित्र गोत्र
99.	विष्णु गोत्र
100.	शौनक गोत्र
101.	पंचशाखा
102.	सावर्णि गोत्र
103.	कात्यायन गोत्र
104.	कञ्चन गोत्र
105.	अलम्पायन गोत्र

क्र०सं०	ऋषिनाम	क्र०सं०	ऋषिनाम
106.	अव्यय गोत्र	111.	उपमन्यु गोत्र
107.	विल्च गोत्र	112.	उतथ्य गोत्र
108.	शांकल्य गोत्र	113.	आसुरि गोत्र
109.	उद्दालक गोत्र	114.	अनूप गोत्र
110.	जैमिनी गोत्र	115.	आश्वलायन गोत्र

कुल संख्या 108 है। इनकी छोटी-छोटी 7 शाखा और हुई हैं। कुल संख्या 115 है।

नोट—यज्ञ में दूर-दूर से आये हुए विद्वान् ब्राह्मणों की संख्या 1444 थी। राजा जनमेजय ने सबको गांव देकर बसाया। ये गांव शासन कहे जाते हैं।

ऋषि-गोत्रीय गांव

वशिष्ठ गोत्रीय गांव

1. गौड़पुरिया, 2. सत्य पुरिया, 3. पूजाचार्य, 4. शुक्लाचार्य, 5. वटवालिया, 6. शिरोहवाल, 7. ब्रह्मपुरिया, 8. स्यामपुरिया, 9. निर्वाणपदिया, 10. धर्मपालिया, 11. वृतपाल आचार्य, 12. झर्मरिया, 13. यज्ञपलिया, 14. वृद्धाचार्या, 15. विपुनगरिया, 16. जटिल प्रधान, 17. कमलपुरिया, 18. स्वामीपुरिया, 19. शान्तिपुरिया, 20. सत्यपालिया, 21. विश्वपालिया, 22. वेदधराव्यास, 23. धर्मोपदेशक, 24. झर्मरपुरिया, 25. वेदपुरिया, 26. कुरुक्षेत्रीया, 27. कनरवलिया, 28. गंगस्थलिया, 29. माधवप्रस्थिया, 30. विष्णुपुरिया, 31. गंगावासी, 32. पिंडारा, 33. व्याघ्रप्रस्थ्यिा, 34. कसूरिया, 35. उदयपुरिया, 36. विज्ञानिया, 37. चींकरा 38. हामुरिया, 39. गोरवाल, 40. बबरेवाल, 41. वसुंधरिया, 42. कांकरोलिया, 43. धरवालिया, 44. मुनिस्थलिया, 45. कस्थलिया, 46. कोषवाल, 47. झगड़ोलिया, 48. कुलतड़िया, 49. चूरवाल, 50. ज्ञानोपदेशक, 51. उद्गातास्वामी, 52. ब्रह्मक्षेत्रीया, 53. पुष्करिया, 54. हरिप्रस्थिया, 55. शिवप्रस्थिया, 56. शक्तिपुरिया, 57. प्रयागवासी, 58. दिलवालिये, 59. सफीदमियां, 60. कुशस्थलिया, 61. ईकड़ीवाल, 62. भोपवाल, 63. वगसरिया, 64. सीकरिया, 65. स्यमलपुरिया, 66. श्रीवाल, 67. बरोलिया, 68. अनवरिया, 69. तैतिल, 70. करवालि़या, 71. कोटवाल डोहरवाल, 72. बुढ़ाड़िया, 73. बयालिया, 74. रोहीवाल, 75. वड़वरिया, 76. व्योमवाल, 77. अमरावतिया, 78. खोलवाल, 79. श्रीवाल, 80. रातवाल, 81. श्रीनगरिया, 82. नागवाल, 83. बृद्धस्थलिया, 84. व्याघ्रस्थलिया, 85. सुरीरपुरिया, 86. घटाणिया, 87. पड़कलिया, 88. थपतड़िया, 89. काशीपुरिया, 90. कनरवलिया, 91. चन्द्रपुरिया, 92. शिलाकरा, 93. शुक्रप्रस्थिया, 94. कल्याणपुरिया, 95. मुरथलिया, 96. गणवारिया, 97. चुल्काड़िया, 98. व्यास, 99. हरवाल, 100. सारोलिया, 101. बहादुरगड़िया, 102. ब्रह्मक्षेत्री, 103. गौड़पुरिया, 104. कौख, 105. नरवाणिया, 106. राममठिया, 107. करनालिया, 108. पिड़तारिया, 109. पृथदकिया, 110. स्वर्णपाद, 111. प्रस्थिया निर्मला, 112. सातोरिया, 113. रिठालिया, 114. बल्लभगढ़िया, 115. मामडोलिया, 116. वशिष्ठ स्थलिया, 117. राईवाल, 118. प्रतापवाल, 119. करोलिया, 120. पाराशरप्रस्थिया, 121. थनेसरिया, 122. भटाणिया, 123. बुढ़ाड़िया, 124. मोलरया, 125. हरसेलिया, 126. ऐलमवाल, 127. कुलताडिया, 128. मगरोलिया, 129. हरप्रसूथिया, 130. मुक्तपुरिया, 131. हरितवाल, 132. बंगड़हढ, 133. गिल्लाणि, 134. मिरालिया, 135. धमाणिया, 136. उग्रपुरिया, 137. कर्णपुरिया, 138. माथुरा, 139. गुलावटिया, 140. वेहरिया भट्टपुरिया, 141. मंकवाल, 142. कवाड़िया, 143. धोहरवाल, 144. अंगनिया, 145. श्रीधरा, 146. चीकर, 147. नीतिवाल, 148. पहरावरिया, 149. गन्धर्व, 150. उसरिया, 151. भसौलिया, 152. वरवालिया, 153. अरकवाल, 154. भड़कलिया,

155. दशावाल, 156. जसड़वाल रामपुरिया, 157. ज्वालापुरिया, 158. सारोलिया, 159. गंगोलिया, 160. नरपालिया, 161. नालोड़िया, 162. वारोठिया, 163. हर्ष नगरिया, 164. माधवपुरिया, 165. चूरोल्या, 166. महमिया, 167. गंगा तटिया, 168. भुटाड़िया, 169. कपिस्थलिया, 170. शुकस्थलिया, 171. पाठयाण, 172. कृष्णपुरिया, 173. सोणपतिया, 174. धनपतिया, 175. नरेलिया, 176. परवती, 177. केड़ेलिया, 178. गौड़ग्रामिया, 179. पुष्करिया, 180. इन्द्रपुरिया, 181. शोभाश्रमी, 182. नगरवाल, 183. चौराणिया, 184. पानीपतिया, 185. केमाश्रमी, 186. गनवरिया, 187. शक्तिपुरिया, 188. भोकरिया, 189. धामाणिया, 190. शाकवान, 191. भागलपुरिया, 192. करनालिया, 193. इन्दोरिया, 194. नीदिया, 195. सिरसोलिया, 196. फटवाड़िया, 197. गौधड़िया, 198. शिवप्रस्थिया, 199. पूठिया, 200. नरहणा, 201. घमणिया, 202. ब्रह्मवेदिया, 203. धर्माश्रमी, 204. चांदीवाल, 205. चौढ़ाड़िया।

शक्ति गोत्रीय गांव

1. ब्रह्माश्रमी, 2. व्यासीश्रमी, 3. वशिष्ठाश्रमी, 4. तपोलिया, 5. कपिलाश्रमी, 6. शुक्रस्थलिया, 7. शक्तिपुरिया, 8. रसाहरी, 9. दुवे, 10. गयावाल, 11. गौड़स्थली।

पाराशर गोत्रीय गांव

1. मुनिस्थलिया, 2. इन्दोरिया, 3. बड़ोतिया, 4. पावटिया, 5. तिलपतिया, 6. सिहोलिया, 7. मुशलट, 8. व्यासस्थली, 9. रघुपुरिया, 10. बुधवाल, 11. रसोदवाल, 12. नरेहड़वाल, 13. भोजपुरिया, 14. कड़ेलिया, 15. खेड़ीवाल, 16. फरीदावादिया, 17. पाराशरप्रस्थिया, 18. कुरुक्षेत्री, 19. श्यामतीर्थिया, 20. संगवाल, 21. खिरवाल, 22. दायवाल, 23. सोंतीपाड़े, 24. दुंदुवीवाल, 25. डसनिया, 26. जालोनिया।

पराशर गोत्रीय गांव

1. विष्णु स्थलिया, 2. व्यासनगरिया, 3. उज्जैननगरिया, 4. धर्मप्रस्थिया, 5. पराशरप्रस्थिया, 6. चिरंजिया, 7. मूदड्ट, 8. करनालिया, 9. वशिष्ठस्थलिया, 10. श्रोत्रिय, 11. ब्रह्मनगरिया, 12. नरेशवाल, 13. हाईवाल, 14. ववणिया, 15. सोमप्रस्थिया, 16. समसेरिया, 17. होड़लिया, 18.वयाल, 19. पंचोली, 20. शोभापुरिया, 21. बड़ोहतिया, 22. शुकपुरिया, 23. धारवाल, 24. दशालिया, 25. वेदवाल, 26. गुरुस्थली, 27. विचारप्रस्थया, 28. ववाड़िया, 29. असोंधिया, 30. कटवालिया, 31. सूरजपुरिया, 32. सोंमपानिया, 33. बल्लभगढ़िया।

अत्रि गोत्रीय गांव

1. अत्रिस्थलिया, 2. गौड़पुरिया, 3. कोथलिया, 4. दण्डपाड़ि, 5. नवलगड़िया, 6. मोटालिया, 7. वड़ीवाल, 8. पवनाहरी, 9. ब्रह्मप्रस्थिया, 10. विश्वम्भरा, 11. धर्मपालिया, 12. मामडोलिया, 13. डिडवाडिया, 14. शुक्लप्रधान, 15. सोमपुरिया, 16. गोलवाल, 17. खेड़वाल, 18. जुलासिया, 19. सरधानिया, 20. दुर्गपाणि, 21. तपोधरा, 22. हिसारिया, 23. छपारिया, 24. परीक्षतगढ़िया, 25. करस्थलिया, 26. धनोलिया, 27. कर्णयां, 28. करंडिया, 29. तुसामणिया, 30. परीक्षतगढ़िया, 31. फुलेरिया, 32. खेड़वाल, 33. ओसवाल, 34. तिवाड़िया, 35. कपिस्थलिया, 36. रामस्थलिया,

37. कैथलिया।

आत्रेय गोत्रीय गांव

1. ऋतम्भरा, 2. आत्रस, 3. पातरस, 4. सत्यधरा, 5. अतरस, 6. भिक्षुकरा, 7. शिक्षिका, 8. उच्छला, 9. मुक्तनगरिया, 10. कंचनपुरिया, 11. अमृतपानिया।

कृष्णात्रि गोत्रीय गांव

1. खरड़वाल, 2. वड़ीवाल, 3. विप्रप्रस्थिया, 4. वसूड़वाल, 5. बबेरवाल, 6. ददरेडिया, 7. ब्रह्मवेदिया, 8. सामोदरा, 9. सिरसापत्तनिया, 10. पर्णसिया, 11. माधोपुरिया, 12. विजनोरिया, 13. रेबलिया, 14. करपालिया, 15. अतराणिया।

अंगिरा गोत्रीय गांव

1. गौड़पुरिया, 2. शिवस्थलिया, 3. धर्मपुरिया, 4. ब्रह्मस्थलिया, 5. पिन्डारिया, 6. पतड़िया, 7. चुल्हीवाल, 8. देवाचार्य, 9. देवप्रधान, 10. ऋषिस्थलिया, 11. वेदप्रधान, 12. वटुवाल, 13. मिश्रस्थलिया, 14. भद्रवाल, 15. देवगुरु, 16. वरदानिया।

आंगिरस गोत्रीय गांव

1. अंगिराश्रमी, 2. देवाश्रमी, 3. नरहारिया, 4. नेमवाल, 5. सप्तकुंभिया, 6. गुरुस्थलिया, 7. यज्ञस्थलिया, 8. डाभड़ा, 9. उपदेशलिया, 10. रामहूदिया, 11. हरिपुरिया, 12. सिरमेड़िया, 13. पानीपतिया, 14. पिंडरा, 15. धनाडिया, 16. बृहस्पतिप्रस्थलिया, 17. थनेसरिया, 18. कल्याणनगरिया, 19. शुभ्रवाल।

कृष्णात्रेय गोत्रीय गांव

1. कैलवाल, 2. वड़वाल, 3. धरीनगरिया, 4. प्रथदकिया, 5. मोटिया, 6. कुशंधरा, 7. किठोरिया, 8. वीरपुरिया, 9. कलातिया।

भृगु गोत्रीय गांव

1. दैत्याचार्य, 2. कर्मप्रधान, 3. दीक्षित, 4. भींडा, 5. गयाथलिया, 6. वीरहठ, 7. दैत्यपाल, 8. अभिचारक, 9. नोरंडे, 10. मघपुरिया, 11. भट्टपुरिया, 12. नीतिपाल, 13. धनारिया, 14. बिबरिया, 15. ब्रह्माश्रमी।

भार्गव गोत्रीय गांव

1. भृगुस्थली, 2. च्यवनश्रमी, 3. च्यवनिया, 4. वगदोड़िया, 5. त्रवणिया, 6. बड़कलिया, 7. इन्द्रप्रस्थिया, 8. बगड़वाल, 9. कांचवाल, 10. चींकादनुगुरावा, 11. रामपुरिया।

पुलस्त्य गोत्रीय गांव

1. गोपालिया, 2. घोरतया, 3. ततरिया, 4. तुण्डवाल, 5. महोदयपुरिया, 6. चन्दनपुरिया, 7. शिवाश्रमी, 8. मंत्रावाल, 9. लंकापुरिया, 10. सेंनिया, 11. पौलिया, 12. सांडलिया, 13. यंत्री, 14. सांवर्ण, 15. विजनोरिया।

पोलस्त्य गोत्रीय गांव

1. पर्णासिया, 2. विजयपुरिया, 3. मुनिप्रधान, 4. लंकपुरिया, 5. वारीवाल, 6. चाखल्याणि।

पुलह गोत्रीय गांव

1. शंकरवाल, 2. शंकाहारी, 3. कर्मकरा, 4. सेतुवाल, 5. उच्छंधरा, 6. सिद्धिवाल, 7. पलवाल, 8. चोबेप्रधान, 9. जीवनवाल, 10. ञांतिपुरिया, 11. पलवाल, 12. ब्रह्माणिया।

पुलह गोत्रीय गांव

1. पुलहाश्रमी, 2. चन्डीपूजक, 3. डामरिया, 4. कामरूपांडे, 5. धर्मक्षेत्री।

दक्ष गोत्रीय गांव

1. दक्षपुरिया, 2. शिलहरी, 3. कनरवलिया, 4. योगस्थली, 5. जादूगरिया।

मरीच गोत्रीय गांव

1. मिरचू, 2. शंखवाल, 3. निगमबोधिया, 4. वरोदिया, 5. अर्णपाड़िया, 6. अनूपनगरिया, 7. निर्भयपादिया, 8. मरवाड़ा, 9. गरनावटिया, 10. छत्रवाल, 11. भूवलिया।

क्रतु गोत्रीय गांव

1. ऋद्धिवाल, 2. दुर्वाहारी, 3. चुल्काड़िया, 4. मुनिपुरिया, 5. ढूसवाल, 6. कुरुक्षेत्री, 7. वत्सवाल, 8. थनेसरिया, 9. वरवाल, 10. सापुरिया, 11. ज्ञानस्थलिया।

भारद्वाज गोत्रीय गांव

1. करनालिया, 2. पवांलिया, 3. प्रयागस्थलिया, 4. खेड़ीवाल, 5. नारनोलिया, 6. अड़ीचवाल, 7. डोहरवाल, 8. शंकरोड़िया, 9. खेलवाल, 10. सहलूदिया, 11. दुलीणहट, 12. हसनगड़िया, 13. मंडावरिया, 14. मैलूया, 15. बहूड़वाल, 16. कटवालिया, 17. टरवालिया, 18. कस्थलिया, 19. ललाणिया, 20. बिसरकिया, 21. गुरुलिया, 22. वरदोलिया, 23. सलमोरवरिया, 24. उपास्य, 25. उपरस, 26. झुंझदिया, 27. डोडरावता, 28. दांतोलिया, 29. अमटोला, 30. औदड़िया, 31. सांकला, 32. साकोलिया, 33. कोटवाल, 34. गीझवाल, 35. भटाणिया, 36. ऊधराणि, 37. बबारिया, 38. निगमस्थलिया, 39. खैरवाल, 40. नीदला, 41. सांणवाल, 42. अजमेरिया, 43. महरावणा, 44. डभोलिया, 45. वहलिया, 46. मठीरिया, 47. नवरंगिया, 48. विजोलिया, 49. विश्वामित्रस्थलिया, 50. खुर्जवाल, 51. स्वालकोरिया, 52. वकड़वाल, 53. दहेणिया, 54. विहड़वाल, 55. दीक्षितव्यास, 56. बाबलिया, 57. उटवाल, 58. सिंडोलिया, 59. न्यायतवाल, 60. डिगथलिया, 61. धीमरिया, 62. वोहरिया, 63. वलमिया, 64. मामडोलिया, 65. कोनोडिया, 66. रामपुरिया, 67. आभटोला, 68. समड़वाल, 69. बुढ़ालिया, 70. जावाल, 71. दनकोरिया, 72. हरियाणिया, 73. लवानिया, 74. गढ़मुक्तेश्वरिया, 75. पल्हेड़िया, 76. हस्तपुरिया, 77. सकरपुरिया, 78. सरधानिया, 79. बदरीपुरिया, 80. गेढ़ेलिया, 81. कायतवाल, 82. बधोतिया, 83. अधोपिया।

अग्निवेष गोत्रीय गांव

1. दिगम्बरा, 2. मरुस्थलिया, 3. अग्निपाल, 4. लीलाणिया, 5. समाजरीतिया, 6. भिन्डोलिया, 7. अग्निवाल, 8. लढ़ोरिया, 9. गोकर्णिया, 10. वंशावलिया, 11. नोहरवाल, 12. सोंनलवाल,

13. बबेरवाल, 14. गंगोलिया, 15. धनस्थलिया, 16. धरोडिया, 17. मुराड़िया, 18. पाणानप्रस्थिया, 19. न्यायपुरिया, 20. ऋषिपुरिया, 21. मायापुरिया।

भरद्वाज गोत्रीय गांव

1. भातराणिया, 2. सोंथिया, 3. सरेया, 4. कथूरवाल, 5. वाघडालिया, 6. नाभ्रडिया, 7. नावालिया, 8. बगदोड़िया, 9. नरहणावाल, 10. पिल्हाट, 11. जाणोलिया, 12. अरड़िया, 13. अहमिया, 14. जारुयेवाल, 15. कंकरिया, 16. पाटड़िया, 17. मुखाड़िया, 18. त्रिगुणायत, 19. रोहितवावल, 20. वांवसणिया, 21. तिगड़ारिया, 22. तिवाड़िया, 23. मंड़ोलिया इन्द्रपस्थिया, 24. कोल्हूवाड़, 25. आप्टोलिया, 26. नूड़ीवाल, 27. बबेलिया, 28. नोंहरिया, 29. संभलिया, 30. डुसावत, 31. गोरखवाल, 32. पावड़ा गड़ीलवाल, 33. महरावल, 34. पातडिया, 35. लाल्यारिया, 36. बबनालिया, 37. शिशानिया, 38. संमढ़वाल, 39. धरवाल, 40. शिलोठिया, 41. ग्रामड़ीवाल, 42. कोटड़िया, 43. रामगड़िया, 44. पपरोलिया, 45. निदाणिया, 46. मोईवाल, 47. कलोटिया, 48. गांणरवाल, 49. सेहीवाल, 50. ठरवाल. 51. सांकड़ोथिया, 52. अनूपवाल, 53. संगेलवाल, 54. अंगूठया, 55. सिरसापटनिया, 56. रिटोलिया, 57. कांकरोलिया, 58. चूड़ोदिया, 59. ढ़िचोलिया, 60. विरहड़वाल, 61. रणोलिया, 62. सेवालिया, 63. मुजेड़ऋवाल, 64. महरावरे, 65. वसाखिया, 66. कलातिया, 67. व्योहालिया, 68. सन्निहितिया, 69. राजपुरिया, 70. वनप्रस्थिया, 71. मगरोलिया, 72. पशवाड़ा मोवाल, 73. लहड़रिया, 74. महरोलिया, 75. भषावाल, 76. कलोखरवाल, 77. ओलीनिया, 78. पोसरिया, 79. भवरिया, 80. शिशोलिया, 81. तिलोकड़िया, 82. जैवाल्य, 83. ढ़ाचवाल, 84. सेखूपुरिया, 85. भगवानपुरिया, 86. यावड़े मुघरिया, 87. खेड़वाल, 88. पूठिया, 89. देवलिया, 90. सांतोरिया, 91. गोस्वामिया, 92. मुसकेसरिया, 93. पुरवाल, 94. पलोंडिया, 95. दोघटिया, 96. भोंडवाल, 97. वाकप्रस्थिया, 98. मोटावलीवाल, 99. चूलहटिया, 100. राईवाल, 101. शामलिया, 102. जींदराणि, 103. किलोकड़िया, 104. धरेड़, 105. श्यामपुरिया, 106. खारवाल, 107. किस्तोलिया, 108. डवोधिया, 109. मरवड़िया, 110. वयोरवाल, 111. हरियाणिया, 112. मेंडवाल, 113. गोधड़िया, 114. गीझवाल, 115. मल्हाणिया, 116. नीमराणिया, 117. पहाड़ीरसिया, 118. बुढ़ाड़िया, 119. पोरवाल, 120. तेहनगरिया, 121. खिड़वालिया, 122. पंडायाणि, 123. फटवाड़िया, 124. कसेरवाल, 125. चाकलाण, 126. ओवाल, 127. बांकनेरिया, 128. द्रोंणपुरिया, 129. दिलवाल, 130. वादवाल, 131. भीतेलिया, 132. दोहलिया, 133. गोरनिया, 134. लालपुरिया, 135. बटानिया, 136. बोधलिया, 137. संसारिया, 138. ढ़ाच्योल्या, 139. अड़ीगवाल, 140. तोसावड़, 141. नीमरिया, 142. दुहे, 143. मैलूमिश्र, 144. सुजानिया, 145. हरसरणि, 146. मलकपुरिया, 147. यवलिया, 148. चौमिया, 149. भटयानिया, 150. काकनोरिया, 151. महरावरिया, 152. डोडरावत, 153. आमटोलिया, 154. बबेलिया गलीणं, 155. मवानिया, 156. उगडोलिया, 157. कोंशलिया, 158. ओदिया, 159. वामोलिया, 160. एखोंदिया, 161. नरथालिया, 162. महवने, 163. सारगपुरिया, 164. झगीरिया, 165. खैरवाल, 166. नावावाल, 167. गुलावटिया, 168. डसनवाल, 169. मोनिया, 170. कैरवाल, 171. वड़ेवाल, 172. वोहरिया, 173. सोंकरिया, 174. भटेलिया,

175. डुहरिया, 176. भैंआ, 177. कौख, 178. अमरथलिया, 179. शिरसोलिया, 180. लाढ़नू, 181. हावड़ीवाल।

कुश गोत्रीय गांव

1. महमिया, 2. चंदेलीवाल, 3. सफीदमिया, 4. परधानिया, 5. नीदिया, 6. कुशवाल, 7. टाकरिया, 8. नाथलागड़िया, 9. बीजपुरिया, 10. मेहरावल, 11. कोथलिया, 12. इन्द्रप्रस्थिया, 13. महोदिया, 14. घोलिया।

कुशिक गोत्रीय गांव

1. श्रीकरिया, 2. धरमपालिया, 3. अमरपुरिया, 4. सीकरिया, 5. फोकरिया, 6. दिवाच, 7. सत्यधरा, 8. घुड़वाल।

धृत कोशिक गोत्रीय गांव

1. ऋतुम्भरा, 2. तपोधरा, 3. सहोदरिया, 4. मिगड़ायत, 5. कामिया, 6. न्यानिया, 7. अग्नाणि, 8. हरिणांक्षिया, 9. बुढ़ानिया, 10. काशीपुरिया।

कौशिक गोत्रीय गांव

1. मढ़ोलिया, 2. कुरुक्षेत्री, 3. मंडोरवाल, 4. सूकरथलिया, 5. विभीषवाल, 6. फटवाड़िया, 7. मुंडेलिया, 8. विसकरिया, 9. दीयल, 10. पंचौली, 11. विजयचाणि, 12. कांकरिया, 13. नेतवाल, 14. भटांनिया, 15. टोकरवाल, 16. पल्लीवाल, 17. लाकड़े हरियाणिया, 18. इन्दोरिया, 19. बहरवाल, 20. सारल, 21. खदरिया, 22. उषराणि, 23. चन्द्रपुरिया, 24. नागलिया, 25. भटसाड़िया, 26. जोहणिया, 27. कंकरवाल, 28. ईगरवाल, 29. विश्वामित्रप्रस्थिया, 30. पल्हेड़िया, 31. मिरचे, 32. अज्ञाणिया, 33. झीमरिया, 34. बांकोयि, 35. कसूपुरिया, 36. फत्तहणिया, 37. डोहरवाल, 38. नेथलिया, 39. छारेया, 40. प्रतापवाल, 41. बसवाणिया, 42. जीवतवाल, 43. बड़विदिया, 44. रोहटवाल, 45. कविपालिया, 46. खिसणिया, 47. घसेणिया, 48. मुंडलाड़िया, 49. सिवाल, 50. साठकिया, 51. भोगलिया, 52. मालचिया, 53. धुलाड़िया, 54. सागवाल, 55. कुवादवाल, 56. भरटिया, 57. समालिया, 58. गोधड़िया, 59. कलोरिया, 60. चौणाणिया, 61. तिगरायत, 62. मढ़ावाल, 63. गोमतिया, 64. सूर्यपुरिया, 65. हरथाणिया, 66. वामोलिया, 67. महेशराणि, 68. असोधिया, 69. कसेरिया, 70. हापुड़िया, 71. महरग, 72. गौड़वालिया, 73. चौराणिया, 74. अस्त्रेणिया, 75. विवाड़िया, 76. धरवाल, 77. मढ़ावाल, 78. भिवाड़िया, 79. प्रहरावरिया, 80. मैंदिया, 81. पिलखवाल, 82. डिडवाणिया, 83. कटेसरिया, 84. कड़खेरिया, 85. महरारा, 86. बेरीवाल, 87. भूमिवाल, 88. गोधड़िया, 89. मजाकवाल, 90. पिस्पोलिया, 91. मीरपुरिया, 92. लाटवाल, 93. लोधाड़िया, 94. पिलखवाल, 95. विजयवाड़, 96. तपस्विया, 97. कसनिया, 98. पटोधवाल, 99. पहरवाल, 100. बिजनोरिया, 101. लाहोरिया, 102. वरनेया, 103. झाड़ोलिया, 104. दिवाचिया, 105. कर्णवाल, 106. कलावड़िया निरहट।

अष्टायन कौशिक गोत्रीय गांव

1. थनेसरिया, 2. समालिया, 3. दशाहट, 4. सफीदमिया, 5. महरोलिया, 6. मंढ़ेलिया,

7. अष्टालिया, 8. वाधपतिया, 9. धमाणिया, 10. टंटपुरिया, 11. पहोवरिया, 12. जींदिया, 13. मरवड़िया, 14. रुधसाड़िया, 15. रामहदिया, 16. गढ़वालिया।

कुत्स गोत्रीय गांव

1. देवयज्ञिया, 2. कटारिया, 3. कुन्डेवाल, 4. अग्निहोत्रीया, 5. टराटिया, 6. धींगड़िया, 7. मंडारिया, 8. रगड़या।

कौत्स गोत्रीय गांव

1. अमरपुरिया, 2. भटाणिया, 3. पथरवाल, 4. सफीदमिया, 5. कंकरिया, 6. झगरहट, 7. लाटास्वामी, 8. नीदिया, 9. सकुलवाल, 10. ओडम्बरिया।

सांख्यायन गोत्रीय गांव

1. मिहरवाल, 2. कंकरवाल, 3. पुरवाल, 4. लोचवडाग, 5. मंगूरवाल, 6. मेरठिया, 7. टोहरीवाल, 8. सिरसवाल, 9. संख्यायन, 10. मुंडहालवाल, 11. त्रवड़ीवाल।

जमदग्नि गोत्रीय गांव

1. भदूरा, 2. कंकरवाल, 3. छारैया, 4. अजमेरियां, 5. सिंगवाल, 6. खंडवाल, 7. खेलनिया, 8. जोहरिया, 9. फल्गुवाल, 10. करारा, 11. महदीपुरिया।

वत्स गोत्रीय गांव

1. थमोड़िया, 2. झामरिया, 3. झाडोदिया, 4. कन्होरिया, 5. कांणोडिया, 6. सांडोलिया, 7. खरवाल, 8. रिटोलिया, 9. भोलाणि, 10. वेरवाल, 11. डाभड़ा, 12. कांकरिया, 13. धोलपुरिया, 14. कतेड़वाल, 15. जाड़ोतिया, 16. रिठालिया, 17. घाघसांणि, 18. विरेचना, 19. खेड़वाल, 20. खैरवाल, 21. टटोलिया, 22. सनोटिया, 23. बदलवाल, 24. निसविषय, 25. बुढ़ाड़िया, 26. लजवाड़िया, 27. त्रयणवाल, 28. ववेरवाल, 29. सांतोरिया, 30. किठोड़िया, 31. शिवपुरिया, 32. डिड़ोलिया, 33. नागरिया, 34. कड़ालिया, 35. गोरखपुरिया, 36. सूंड़याणि, 37. वगसरिया, 38. धड़ेल, 39. रूपवाल, 40. इन्द्रप्रस्थया, 41. समचाड़िया, 42. तिलोकड़िया, 43. हरवाणियां, 44. व्यासआश्रमी, 45. वदरवाल, 46. हरसवाल, 47. पतड़िया, 48. रिटोलिया, 49. कांड़ोदिया, 50. निमोठिया, 51. गढ़वालिया, 52. मामडोलिया, 53. ठाकराणि, 54. गरवालिया, 55. कामीवाल, 56. जानोलिया, 57. हरियाणिया, 58. इकनोलिया, 59. चौरवाल, 60. वारिकपुरिया, 61. त्रवड़ि या, 62. विजनहट, 63. मुनिस्थलिया, 64. वदरवाल भाष्यकरा, 65. पाठनिया, 66. देहरिया, 67. वहणालिया, 68. छपरोलिया, 69. कांणोलिया, 70. भटोलिया, 71. भटयाणिया, 72. भेंनवाल, 73. कनोखरिया, 74. नारनोलिया।

वत्सायन गोत्रीय गांव

1. व्यासाश्रमी, 2. शिवपुरिया, 3. भाष्यकरा, 4. मुनिस्थलिया, 5. मथुराणि।

शाण्डिल्य गोत्रीय गांव

1. ढ़ाचोला, 2. निग्रहवाल, 3. चुल्हीवाल, 4. ववरवाल, 5. शाण्डिल्य गोत्री शासन, 6. भट्टवलिया, 7. हिसारिया, 8. डिडवाड़िया, 9. राजपुरिया, 10. रोहितवाल, 11. बुढ़ाड़िया, 12. पुरवाल,

13. रखोतिया, 14. मंगलोरिया, 15. चन्द्रपुरिया, 16. नीदवाल, 17. कारविया, 18. वाहड़े, 19. वाझड़े, 20. धर्मपुरिया, 21. भूमिवाल, 22. मन्त्रवाल, 23. डाभला, 24. राजवतिया, 25. रेबलिया, 26. परतापुरिया, 27. बगड़ाट, 28. लजवाड़िया, 29. वंशवाल, 30. सहारनपुरिया, 31. खेकड़िया कलहोरिया।

मौदगल्य गोत्रीय गांव

1. कांकड़ोदिया, 2. बहादुरगड़िया, 3. मकड़ोलिया, 4. परधानिया, 5. थनेसरिया, 6. नैडाणिया, 7. पालिया, 8. सफीदमिया, 9. गुराणिया, 10. रोहणिया, 11. हावड़िया, 12. काकराणि, 13. भूपतिया, 14. विसरिवया, 15. श्यामपुरिया, 16. सिद्धिपुरिया, 17. रामपुरिया, 18. सेंनवाल, 19. दूणहट, 20. मवणिया, 21. सिखायण, 22. चरोलिया।

अगस्त्य गोत्रीय गांव

1. शुक्लपुरिया, 2. कुरुक्षेत्री, 3. म्याणिया, 4. विद्याधर, 5. तपोधरा, 6. तन्त्रवाल, 7. उंच्छला, 8. हरिभजिवाल, 9. जनपोषिया, 10. सागरवाल, 11. जोधपुरिया, 12. लंबोदरा, 13. वायुभखिया, 14. म्राजवाल, 15. सिंधुवाल।

जमदग्नि गोत्रीय गांव

1. जमदग्नि, 2. डाभड़ा, 3. पुरवाल, 4. जामिनिया, 5. स्थानप्रस्थिया, 6. गुसवाल, 7. रामपुरिया, 8. रतेलवाल, 9. परशुरामस्थलिया, 10. गुसवाल, 11. रामस्थलिया, 12. सनेमई, 13. अग्निपाल।

अघमर्षण गोत्रीय गांव

1. शुक्लपुरिया, 2. सितावरिया, 3. धोलिया, 4. पपाध्ना, 5. अघमर्षण।

विश्वामित्र गोत्रीय गांव

1. विश्वामित्रस्थलिया, 2. राजपुरिया, 3. भूधरा, 4. धुनुर्वाल, 5. रजोधरा, 6. शास्त्रधरा, 7. शंकरा, 8. रिसभरा, 9. तपोधरा।

हारीत गोत्रीय गांव

1. गरुणिया, 2. पुरवाल, 3. महमिया, 4. क़ाणुड़िया, 5. गंगतटिता, 6. संभलिया, 7. चंभलिया, 8. चुआल, 9. व्यासस्थलिया, 10. जीदवाल, 11. चुवाल, 12. जैवाल, 13. भीमवाल, 14. दुर्बला, 15. खोलवाल, 16. चौहान, 17. वासटवाल, 18. घनोरवाल, 19. गुणगामिया, 20. रिटोलिया, 21. बड़ेवाल, 22. चौह्रेवाल, 23. चौभाल, 24. रिमेलिया।

कपिल गोत्रीय गांव

1. साख्यशास्त्रिया; 2. शुक्लपुरिया, 3. सढ़ोलिया, 4. कपिलस्थलिया, 5. सिंधुतटिया।

दालभ्य गोत्रीय गांव

1. हरियाणिया, 2. मलापुरिया, 3. मकटवाल, 4. अरनावलिया, 5. कलापुरिया, 6. पूठिया, 7. हरनवालिया, 8. गौड़स्थलिया, 9. अमरपुरिया, 10. जलाशया, 11. अरनावलिया, 12. दिगम्बरिया।

कश्यप गोत्रीय गांव

1. कल्याणपुरिया, 2. सत्यबोला, 3. योगपुरिया, 4. गढ़ेलिया, 5. शिलाकरिया, 6. महोधरा,

7. ब्रह्मपुरिया, 8. आकरिया, 9. योगधरा, 10. अधोरिया, 11. स्वामीपुरिया, 12. डीडवाल, 13. वटाणिया, 14. ढ़ेरवाल, 15. बड़ोदिया, 16. घटवाल, 17. रोहितवाल, 18. लटानिया, 19. हमीरपुरिया, 20. जीवनवस, 21. इन्दोरिया, 22. अरण्डवाल, 23. प्रजावित्त, 24. उपाहणिया।

सांकृत्य गोत्रीय गांव

1. ब्रह्मक्षेत्रीया, 2. मथनपुरिया, 3. विदरवाल, 4. चुल्हीवाल, 5. मायापुरिया।

काश्यप गोत्रीय गांव

1. नन्दग्रामिया, 2. धर्मक्षेत्री, 3. अघोरिया, 4. ज्वालापुरिया, 5. गुणग्रामिया, 6. हिसारिया, 7. गोंगाड़िया, 8. गिरिराजिया, 9. भरतपुरिया।

कण्डव गोत्रीय गांव

1. पाशोरिया, 2. धीरपुरिया, 3. तुसारिया, 4. पहासोरिया, 5. पातड़ा, 6. चुनकटिका, 7. धरमपालिया, 8. यहोसोरिया, 9. भरोजेरिया, 10. लोकसरिया।

गौतम गोत्रीय गांव

1. शिशुलिया, 2. सिसाड़िया, 3. बिजनोरिया, 4. नोडोलिया, 5. इन्दोरिया, 6. धनाड़िया, 7. मांमडोलिया, 8. दोहलिया, 9. पटोधिया, 10. कबीरपुरिया, 11. सफीदमिया, 12. लजवाड़िया, 13. अग्निवाल, 14. डोहलिया, 15. बड़ोदिया, 16. बीकानेरिया, 17. गढ़ीवाल, 18. खेड़ीवाल, 19. वरवालिया, 20. वपनवाल, 21. तुमिरिया, 22. भोपवाल, 23. मगलोरिया, 24. सारवड़िया, 25. भिलाड़िया, 26. बराहिया, 27. भालड़िया, 28. कुरुक्षेत्रिया, 29. नोताड़िया, 30. खड़वाल, 31. सुरोलिया, 32. रोहटिया, 33. चन्द्रपुरिया, 34. पत्रवाल, 35. ननेरिया, 36. दोहलिया, 37. मुन्डनवाल, 38. अभदवाल, 39. कलातिया, 40 नाभवाल।

मैत्रेय गोत्रीय गांव

1. मित्रवाल, 2. ब्रह्मस्थली कुठारिया, 3. वलेणिया, 4. वैरवाल, 5. किरवाल, 6. वहरवाल, 7. चहणिया, 8. मेरठिया, 9. भद्रकरा, 10. भयहरा।

गर्ग गोत्रीय गांव

1. गर्गाश्रमी, 2. विसाणिया, 3. वैद्यकिया, 4. मधुपुरिया, 5. योगवाल, 6. सांकमिया, 7. कृष्णपुरिया, 8. पालीवाल, 9. जोधपुरिया, 10. ऐवरिया, 11. ऐंचवाल, 12. वैणवाल, 13. टंडोलिया, 14. मधुपुरिया, 15. गोपियां, 16. निरालिया, 17. वसूरमिया, 18. झुपरिया।

कौडिन्य गोत्रीय गांव

1. महोदयपुरिया, 2. सूत्रधार, 3. अनन्तनिया, 4. थनेसरिया, 5. बुबाणीवाल, 6. मगलोरिया, 7. बोहणिया, 8. पेहावाल, 9. महमिया, 10. मढ़ीवाल, 11. पत्थरवाल, 12. जीदिया, 13. डाहरवाल, 14. भलोदिया, 15. सूत्रवाल, 16. पांचलीवाल, 17. डीरवाल, 18. डोरीवाल।

जैमिन गोत्रीय गांव

1. विठूरिया, 2. दृढ़वृत्तिया, 3. वसंडवाल, 4. धर्मपुरिया, 5. मीमासक।

सुवर्ण गोत्रीय गांव

1. गरुणस्थलिया, 2. ओचन्दवाल, 3. विष्णुस्थलिया, 4. संसारिया, 5. गढ़वाल।

सौपर्ण गोत्रीय गांव

1. प्रभाकर, 2. नगरवाल, 3. जीदवाल, 4. गारडू 5. विषहरा।

सावर्णि गोत्रीय गांव

1. ज्योतिसिया, 2. पाटणिया, 3. जयपुरिया, 4. बगड़हट, 5. हरणिया, 6. जोधपुरिया।

सुनक गोत्रीय गांव

1. मिश्रकिया, 2. निभिषेक्षेत्रिया, 3. पुराणिया।

शोनक गोत्रीय गांव

1. नेंमिसारिया, 2. कथकड़ा, 3. व्योहनिया, 4. टीडवाल, 5. वंशिया।

शांकल्य गोत्रीय गांव

1. जनकपुरिया, 2. भंगवाल, 3. दुर्वेश, 4. गंगोलियां, 5. वंगवाल, 6. विगरवाल, 7. दुर्वेधर, 8. दुर्वला, 9. दोहटवाल, 10. दिलवाल।

कात्यायन गोत्रीय गांव

1. मधुपुरिया, 2. मांदकोरिया, 3. कमलिया, 4. विमोलिया, 5. सोंनिया, 6. गलहलिया, 7. मेरठिया, 8. शिविकराणि, 9. बुढ़ाणिया, 10. ब्रिजवासनिया।

आलम्पायन गोत्रीय गांव

1. रम्बा, 2. थनेसरिया, 3. जटाधरा, 4. त्रवड़िया, 5. बुढ़ानिया, 6. कामिया, 7. पतड़िया।

गालिब गोत्रीय गांव

1. मूणीवाल, 2. जेवनवाल, 3. काठा, 4. काछड़, 5. लोचिव, 6. वाबलिया।

विल्च गोत्रीय गांव

1. दूधाधारी, 2. भीड़ा, 3. जीदिया, 4. व्याघ्रपदिया, 5. पर्वतिया, 6. मैढ़िया।

विष्णु गोत्रीय गांव

1. वृद्धापन, 2. श्रीकरिया, 3. गौडवाल, 4. भेड़िया, 5. द्विजाड़िया, 6. कसेरवाल।

उपलभ्य गोत्रीय गांव

1. सूत्रकारिया, 2. संखवाल, 3. उपलवाल, 4. कलाहरी, 5. भरटिया, 6. पटोलिया, 7. संडरवाल, 8. चिकित्सका।

अव्यय गोत्रीय गांव

1. चोंधराणिया, 2. सूरवाल, 3. भुवारिया, 4. जयवाल, 5. भूवाल।

उपमन्यु गोत्रीय गांव

1. शुक्रस्थलिया, 2. कपिस्थलियां, 3. विश्वंभरा, 4. सांपला, 5. कोटिवाल, 6. जटाधरिया, 7. शरटिला, 8. बुढ़ाड़िया, 9. सर्पस्थलिया, 10. पाईवाल।

कल्पिष गोत्रीय गांव

1. लालपुरिया, 2. मरुस्थलिया, 3. रामगढ़िया, 4. भुजक्कड़ा, 5. चूरवाल।

जावाल गोत्रीय गांव

1. सहारनपुरिया, 2. करवाटिया, 3. धोलिया, 4. मूसेपुरिया, 5. उठोलिया।

कंचन गोत्रीय गांव

1. कंचनपुरिया, 2. सुनारिया, 3. सोमपुरिया, 4. कंचनगरिया, 5. गोरखिया, 6. चूरवाल, 7. श्यामपाड़िया, 8. मरुस्थलिया।

वामदेव गोत्रीय गांव

1. अम्बरीषस्थलिया, 2. राशिया, 3. वारिकपुरिया, 4. नायका, 5. विरजवा।

अनावृक गोत्रीय गांव

1. पावकिया, 2. मनाणिया, 3. कराणिया, 4. चुल्काणिया, 5. शालवाल।

सौपायन गोत्रीय गांव

1. लालसरेया, 2. कुलंधरा, 3. अजस्थलिया, 4. वोधड़ा, 5. भंगवाल।

धोम्य गोत्रीय गांव

1. सहारनपुरिया, 2. गजपुरिया, 3. कमलगिरिया, 4. मुक्तनगरिया, 5. भीष्मस्थलिया, 6. ढ़ाड़वाल, 7. परीक्षतगड़िया।

दृढ़ गोत्रीय गांव

1. गुड़पुरिया, 2. हिसारिया, 3. धोरजिया, 4. दाढ़र्युच्यत, 5. द्रढ़ब्रतिया, 6. गुडपुरिया, 7. अर्नाविटिका।

चित्र गोत्रीय गांव

1. चित्रमोड़ा, 2. शंकरवाल, 3. ग्रहकरा, 4. मोरवरिया, 5. चतेरिया।

व्याघ्रपाद गोत्रीय गांव

1. वाघ्रपतिया, 2. बघेरिया, 3. अन्तरवेदिया, 4. कसारिया, 5. जमनिया।

वीतहन्ब्य गोत्रीय गांव

1. वंशरीवाल, 2. बीतरागिया, 3. बहुरागिया, 4. हव्यस्थलिया, 5. सत्रस्थलिया।

मित्रावरूण गोत्रीय गांव

1. ब्रह्मपुरिया, 2. सर्पदमिया, 3. महोदिया, 4. सौतिया, 5. स्वर्गिया।

अजगोत्र गोत्रीय गांव

1. अजमेरिया, 2. बड़ग्रामिया, 3. बगड़वाल, 4. अजमीढ़िया।

अनावृक गोत्रीय गांव

1. बकस्थलिया, 2. शरभिया, 3. बकोदरा, 4. वीरासना, 5. शस्त्रधारिया।

यज्ञवल्क्य गोत्रीय गांव

1. यज्ञपालस्थिया, 2. वणावाल, 3. मेहरवाल, 4. जनकस्थलिया, 5. महलवाल, 6. जीतिया, 7. निर्भया।

वासुक गोत्रीय गांव

1. धरवाल, 2. सर्पदमना, 3. चित्यावना, 4. बिहारिया, 5. उज्वलग्रामिया।

पाणिन गोत्रीय गांव

1. पाणिनप्रस्थिया, 2. पाढ़िया, 3. पानीपतिया, 4. सढ़िया।

माण्डव्य गोत्रीय गांव

1. पांठकिया, 2. गौधूमिया, 3. शूरपुरिया, 4. शरटिया, 5. तंडूलवाल।

मार्कण्डेय गोत्रीय गांव

1. मार्कण्डेयस्थलिया, 2. झावड़ा, 3. तिरईया, 4. पोराणिकिया, 5. ओघड़िया।

वौधायन गोत्रीय गांव

1. वोधपुरिया, 2. धावड़िया, 3. महताणिया, 4. अधहरा, 5. पुष्पदन्ता।

यास्क गोत्रीय गांव

1. यशकरा, 2. पाकवाल, 3. ग्वालिया, 4. करमिया, 5. दुधवाल।

माध्यन्दिनी गोत्रीय गांव

1. मध्यान्दनी, 2. बाजसनईया, 3. शाखाधारी, 4. उज्वला, 5. घोखया।

लौगाज्ञ गोत्रीय गांव

1. अन्नवाल, 2. भ्रमहरा, 3. कोटवाल, 4. कोंणापिया, 5. अक्षिपाल।

कर्ण गोत्रीय गांव

1. कुरुक्षेत्री, 2. कानपुरिया, 3. कलारिया, 4. करनालिया, 5. कर्णप्रस्थिया।

कर्दम गोत्रीय गांव

1. कर्दमस्थलिया, 2. कपिलाश्रमी, 3. झिंझिटिया, 4. सांख्यपाल, 5. गरपालिया।

उतथ्य गोत्रीय गांव

1. उतथ्यग्रामिया, 2. कौड़िया, 3. शकूंरपुरिया, 4. विषहरिया।

आपस्तम्ब गोत्रीय गांव

1. श्रापस्थम्बिया, 2. भटनिया, 3. जलतईया, 4. शिवकरा, 5. वनवासिया।

गृत्समद गोत्रीय गांव

1. भिन्डपालिया, 2. करारा, 3. गमनिया, 4. मदनग्रसिया, 5. हुकारिया।

आष्टिषेणा गोत्रीय गांव

1. अरिष्टहरा, 2. कर्णवाल, 3. धुरैया, 4. परपक्षिया।

गोभिल गोत्रीय गांव

1. गोभिया, 2. ओषधिवाल, 3. लाभवाल, 4. सुखकरा, 5. रोगहरा।

अश्वलायन गोत्रीय गांव

1. अश्वपुरिया, 2. शुभ्रस्थलिया, 3. घुड़सालिया, 4. कुंकड़िया।

च्यवन गोत्रीय गांव

1. च्यवनश्रमी, 2. कुन्डलिया, 3. कल्याणिया, 4. ढूसिया।

और्व गोत्रीय गांव

1. लंवनिया, 2. स्वर्णप्रस्थिया, 3. मनाणिया, 4. तनमारा, 5. जंघपालिया।

देवरात गोत्रीय गांव

1. देवपुरिया, 2. अमरिया, 3. छड़वाल, 4. सोमनगरिया, 5. दोसवाल, 6. भलवाल, 7. धूसरा, 8. कुन्डिया, 9. च्यवनिया, 10. भारगू।

धनंजय गोत्रीय गांव

1. धनपतिया, 2. शलाधरिया, 3. पानवाल, 4. द्रव्यवालिया, 5. व्यापारिया।

उद्दालक गोत्रीय गांव

1. उदलपुरिया, 2. सुगंधिया, 3. गुणिया, 4. अष्टांगिया, 5. निरोधिया।

पातंजली गोत्रीय गांव

1. भाष्यकरा, 2. योगधरा, 3. गुणिया, 4. अष्टांगिया, 5. निरोधिया।

उद्वाह गोत्रीय गांव

1. गुणवाल, 2. करपाणिया, 3. पुष्यवाल, 4. घाटिया, 5. वाहकारिया।

रोहित गोत्रीय गांव

1. धनपालिया, 2. यज्ञवाल, 3. शंखवाल, 4. गोपालिया, 5. रोहितवाल।

अयास्य गोत्रीय गांव

1. शंखिया, 2. जूटिया, 3. अटोरिया, 4. लवणपुरिया, 5. घोरनादिया।

सौ कालीन गोत्रीय गांव

1. अनंगपालिया, 2. न्यायवाल, 3. सकोलपुरिया, 4. अग्निहुतिया।

आप्लावान गोत्रीय गांव

1. पापालिया, 2. शूरपुरिया, 3. आप्लश्रषिया, 4. जड़ीवाल, 5. करमेदिया।

आसुरि गोत्रीय गांव

1. भलाणिया, 2. भलैया, 3. अभिचारिया, 4. पांचालिया।

अनूप गोत्रीय गांव

1. अनूपनगरिया, 2. कुसुमपुरिया, 3. पारसिया, 4. गंगस्थलिया।

जातूकर्ण्य गोत्रीय गांव

1. भापड़ोदिया, 2. इन्द्रप्रस्थिया, 3. कर्मपुरिया, 4. आदिनगरिया, 5. सोधिया, 6. वसोंदिया, 7. भीषमपुरिया, 8. धरनालिया, 9. सोंदिया, 10. कधरिया।

राजा जनमेजय ने जिस ऋषि को जो गांव दिया था, उस गांव में कालान्तर में उनके रिश्तेदार भी आकर बस गये, जिससे आज बहुत सारे गांव बहुगोत्रीय हो गये हैं।

❑❑

सारस्वत ब्राह्मण

सारस्वत ब्राह्मणों की उत्पत्ति

विभिन्न पुराणों में सारस्वत ब्राह्मणों की उत्पत्ति की विविध कथाएं मिलती हैं। उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं–

(1)

महर्षि दधीचि का आश्रम सरस्वती नदी के तट पर था। उनकी पत्नी गर्भवती थी। एक दिन वह स्नान करने के लिए गयी। सरस्वती के तट पर उसे प्रसव पीड़ा हुई, वहीं पुत्र पैदा हो गया। महर्षि दधीचि ने उस बच्चे का नाम सारस्वत रखा।

(2)

महर्षि दुर्वासा ब्रह्मलोक गये थे। वहां उनके मुख से कोई अशुद्ध शब्द निकल गया। माता सरस्वती वहीं थीं। उन्हें हंसी आ गयी। महाक्रोधी दुर्वासा ने शाप दे दिया–जाओ मर्त्यलोक में मानुषी बनो। सरस्वती को जन्म लेना पड़ा और उनका विवाह महर्षि दधीचि के साथ हुआ। उनकी सन्तान सारस्वत कहलायी।

(3)

भगवान् राम लंका विजय करके लौट रहे थे। जब वे चित्रकूट के पास आये, तो हुनमानजी से कहा, ''हनुमानजी! मैंने ऐसा निश्चय किया था कि हिंगुला माता का दर्शन करके अयोध्या में पांव रखूंगा।'' हुनमानजी ने कहा, ''प्रभो! चलें, मां हिंगुला का दर्शन कर लिया जाये।'' भगवान् सदल बल चल दिये। रास्ते में एक साधु सोया हुआ मिला। हनुमानजी ने उसे जगाया। वह भगवान् राम को देखकर अति प्रसन्न हुआ, उनका स्वागत किया, दर्शन से अपने को धन्य मान लिया।

भगवान् राम ने उसका परिचय पूछा, उस सिद्ध सन्त ने भगवान् से कहा, ''मैं साधु हूं, हिंगुला देवी के आश्रम के पास हमारा भी आश्रम है। मैं बहुत दिन जगने के बाद यहां सोया था।''

भगवान् राम ने साधु से हिंगुला मां का दर्शन कराने का आग्रह किया।

साधु सभी को पहले अपने आश्रम में ले गया और भोजन के लिए निवेदन किया। भगवान् राम ने कहा, ''मैं बिना ब्राह्मणों को भोजन कराये और यथेष्ट दक्षिणा दिये भोजन नहीं करूंगा। इस गहन वन से ब्राह्मण चले गये हैं, उनका मिलना असम्भव है, इसलिए आज भोजन करूंगा ही नहीं।''

साधु ने कहा, ''प्रभो! मैं अभी ब्राह्मणों का दर्शन कराता हूं।'' इतने में भगवती सरस्वती वहां प्रकट हो गयीं। राम से कहने लगीं, ''हे राम! अपना इच्छित वर हमसे मांगो।'' राम ने कहा, ''मां! मैं ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहता हूं।'' देवी ने अपनी हथेली जमीन पर घिसी और वहां से अग्नि के समान तेजस्वी 1296 ब्राह्मण उत्पन्न हो गये।

वे ब्राह्मण सरस्वती से उत्पन्न होने के कारण सारस्वत कहलाये।

सारस्वत कुलों की उपाधि आदि का वर्णन

पंच जाति (अढ़ाई घर)

1. **कुमड़िये गोत्र**—जमदग्नि, भार्गव, च्यवन, वत्स, आप्लवान, और्व, जामदग्न्य।
   वेद—यजुर्वेद
   उपास्यदेव—कुमार (कार्तिकेय)
2. **झिंगड़ गोत्र**—भारद्वाज, अंगिरस, वार्हस्पत्य, झंगड़।
3. **जेतली**—गौतम, वत्स्य, अंगिरस, ओसनस, जैत।
4. **तिक्खे**—पराशर, वशिष्ठ, शक्ति, तुत्सृ, पराशर।
5. **मोहले**—सोमस्तम्भ, काश्यप, अवत्सार, नैध्रुव, मुशल।

चार-घर

उपरोक्त कुमड़िये, जेतली, झिंगड़, तिक्खे और मोहले को चार घर भी कहते हैं।

तीसरी श्रेणी

उपरोक्त ढाई घर या चार घर का ही नाम बदलकर तीसरी श्रेणी (उपरोक्त से कुछ न्यून कर दिया गया है) जैसे—

1. तुमड़िये (कुमड़िये)   2. पेतली (जेटली)   3. पिंगड़ (झिंगड़)
4. पिक्खे (तिक्खे)   5. वोहले (मोहले)

उपरोक्त ढाई कुल ब्राह्मणों की उत्पत्ति

कुमड़िये

ये भृगुवंशीय महर्षि जमदग्नि के वंशज हैं। इनके इष्ट देवता कुमार कार्तिकेय हैं। इसलिए इनको 'कुमारोपासक' या 'कुमारीय' कहा जाने लगा। यही 'कुमारीय' शब्द विकृत होकर 'कुमड़िये' हो गया।

इनका **गोत्र**—वत्स्य है।

महर्षि बौधायन ने इनके 5 प्रवर लिखे हैं—

1. भार्गव 2. च्यवन 3. आप्लवान 4. और्व 5. जामदग्न्य

वेद—शुक्ल यजुर्वेद, **शाखा**—माध्यन्दिनी, **उपवेद**—धनुर्वेद और **सूत्र**—कात्यायन है।

जेतली

महर्षि अंगिरा के 3 पुत्र हुए—1. उतथ्य, 2. बृहस्पति, 3. संवर्त।

महर्षि उतथ्य का ही नाम उशिज भी है। इनकी स्त्री का नाम ममता था। इनके पुत्र प्रसिद्ध गौतम ऋषि हुए।

ये जेतली सारस्वत, गौतम वंशीय हैं। इनकी शाखा औशनस है। इनके उपास्य देवता नहील रुद्र हैं। मथुरा के गोकर्णेश्वर मन्दिर में इनकी मूर्ति है।

गोत्र—गौतम, वत्स्य

प्रवर—अंगिरस, गौतम, औशनस

वेद—शुक्ल यजुर्वेद

शाखा—माध्यन्दिनीय

सूत्र—कात्यायन

देश—मधुपुरी के पास जैतलपुर

नदी—यमुना

वृक्ष—शमी (शमी को ही जैत कहते हैं, यह इनका कुल वृक्ष है।)

जैतलियों में श्री पुण्य पाल के तीन पुत्रों—1. चांडा, 2. कुल्ला, 3. रूपा से स्तम्भ चलते हैं।

झिंगण

अंगिरा ऋषि के द्वितीय पुत्र देव गुरु बृहस्पति के औरस पुत्र भारद्वाज के कुल में उत्पन्न हुए हैं, इसलिए इनका गोत्र भारद्वाज है।

गोत्र—भारद्वाज

